पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने कृषि विज्ञान केन्द्र हरदोई का भ्रमण किया

कृषक समन्वय बनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करें

खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करें

समूह की महिलायें प्रशिक्षण लेने के बाद अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षित कर लाभान्वित करें

केन्द्र में नवनिर्मित डेमो यूनिट को शीघ्र पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश दिये

राज्यपाल जी ने सर्वोदय आश्रम के सेवापरक कार्यों की प्रशंसा की

लखनऊ : 5 अगस्त, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज कृषि विज्ञान केन्द्र हरदोई का भ्रमण किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा नवनिर्मित वर्मी कम्पोस्ट तथा मुर्गी पालन यूनिट की नवनिर्मित डिमोन्स्टेशन यूनिट, मृदा परीक्षण इकाई, पॉली हाउस एवं कृषि प्रक्षेत्र का भ्रमण किया तथा इसकी कार्य पद्धति को जाना, इसके साथ ही उन्होंने पोषण वाटिका का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नवनिर्मित डेमो यूनिट को शीघ्र पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश दिये। कृषि विज्ञान केन्द्र की अव्यवस्थाओं पर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये सभी व्यवस्थाओं में तत्काल प्रभाव से सुधार करायें।

इसके उपरान्त राज्यपाल जी ने जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर कृषि, मत्स्य, पशु, उद्यान एवं उद्योग विभाग की ओर से लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा एक उन्नतशील कृषक अक्षिता सिंह को सीटू योजना के अन्तर्गत अनुदान पर प्राप्त ट्रैक्टर की चाबी भेंट की। जिला प्रशिक्षण केन्द्र हाल में आयोजित एफ0पी0ओ0 के कृषक, आजिविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा अन्य कृषकों से उद्यमिता विकास एवं कृषि उत्पादकता समूह के माध्यम से हो रहे लाभ के बारे में संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने उपस्थित समूह की महिलाओं एवं कृषकों को कृषक समन्वय बनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करने की अपील की तथा खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करने का सुझाव दिया।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर उत्पादक समूहों, प्रगतिशील कृषको एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा कृषक उत्पादक संगठन, प्रगतिशील कृषकों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रस्तुतीकरण को भी देखा और उनसे संवाद भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी कृषि विज्ञान केन्द्र पर रूद्राक्ष का पौधा रोपित किया।

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने हरदोई जिले के ब्लाक टड़ियावां के ग्राम सिकन्दरपुर के सर्वोदय आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में एच0सी0एल0 फाउन्डेशन एवं उषा सिलाई फाउन्डेशन की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा सर्वोदय आश्रम में बालिकाओं की शिक्षा के प्रति किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी ली।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने एच0सी0एल0 फाण्डेशन के माध्यम से चलाए जा रहे शिक्षापरक कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र दिये। एच0सी0एल0 फाण्डेशन द्वारा आश्रम में रह रही महिलाओं के लिए राज्यपाल जी की प्रेरणा से तीन–तीन नैपकिन वेंडिग मशीन तथा नैपकिन डिस्पोजल मशीन भेंट की गई।

इस अवसर पर सर्वोदय आश्रम के संस्थापक श्री रमेश भैया, सुश्री उर्मिला बहन, सुश्री कुसुम जौहरी तथा आश्रम के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विधायक श्री रजनी तिवारी, विधायक श्री माधवेन्द्र प्रताप सिंह एवं सर्वोदय आश्रम के संस्थापक श्री रमेश भैया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

––––––

राजभवन (05/02)

के आगमन पर

महामहिम राज्यपाल,उ0प्र0
के आगमन पर
सर्वोदय आश्रम
द्वारा आयोजित

जनपद - हरदोई